
SANDVIK

# प्रदायक
# आचार संहिता



Sandvik प्रदायक आचार संहिता
आवृत्ति ३

1 परिचय ....3
1.1 अंतर्राष्ट्रीय ढांचा ....3
1.2 प्रबंधन (व्यवस्थापन) प्रणाली ....3
1.3 अमल और उसका पालन ....4
1.4 निगरानी ....4

2 क़ानूनी नियमोंका पालन ....5

3 स्वास्थ्य और सुरक्षा ....6

4 मानव और श्रम अधिकार ....7
4.1 मानवाधिकार ज़रूरी जाँच-पड़ताल ....7
4.2 बाल मजदुर ....7
4.3 आधुनिक गुलामगिरी ....8
4.4 भेदभाव, उत्पीड़न और कठोर या अमानवीय व्यवहार ....9
4.5 काम के घंटे और नुकसान भरपाई ....10
4.6 संगठन बनाने व सामूहिक सौदेबाजी की स्वतंत्रता ....11
4.7 भूमि और संसाधन अधिग्रहण और संपत्ति का उपयोग ....12

5 खनिज और धातु की जिम्मेदार साधन ....13

6 पर्यावरण ....14

7 व्यापार निति ....15
7.1 भ्रष्टाचार-निरोधी ....15
7.2 प्रतिस्पर्धा कानून ....15
7.3 व्यक्तिगत दस्त सामग्री संरक्षण ....16
7.4 व्यापार पालन ....16


प्रदायक स्वीकार करता है। ....17


Sandvik आचार संहिता की अंग्रेजी आवृत्ति अधिकृत आवृत्ति है।
संदर्भ के लिए अनुवाद यहां उपलब्ध हैं: www.sandvik.com

# 1 परिचय

Sandvik वर्तमान और भावी पीढ़ियों के शाश्वत विकास में योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें प्रतिकूल पर्यावरण, मानवताधिकार और हमारे सभी कार्य क्षेत्र और प्रदायकोंकी श्रृंखला पर प्रशासन के परिणामोंको पहचानना, रोकना, कम करना और हिसाब रखना शामिल है। और हम अपने सभी प्रदायकोंसे समान प्रतिबद्धता की अपेक्षा करते हैं।

हम दुनिया पर, हमारी गतिविधियों के आर्थिक, पर्यावरणीय, और सामाजिक प्रभाव के लिए जिम्मेदार हैं। इसीलिए, हमें इस जिम्मेदारी में मार्गदर्शन करने के लिए Sandvik ने शाश्वत लक्ष्य, Sandvik आचार संहिता और प्रदायक (पुरवठादार) अचार संहिता (इसके बाद "प्रदायक (पुरवठादार) अचार संहिता" के रूप में संदर्भित) तैयार की है। प्रदायक संहिता हमारे प्रदाता और सेवा प्रदाताओं पर लागू होती है, जिन्हें इसके बाद ("प्रदायक") कहा गया है।




हम उम्मीद करते हैं कि हमारे प्रदायक न केवल प्रदायक संहिता का पालन करेंगे, बल्कि Sandvik के शाश्वत लक्ष्यों में योगदान करने के लिए हमारे साथ सहयोग करने के लिए भी खुले रहेंगे:

- हम परिसंचरण का निर्माण करते हैं
- हम जलवायु शिफ़्ट करते हैं
- हम लोगों की रक्षा करते हैं
- हम निष्पक्ष रहते हैं

## 1.1 अंतर्राष्ट्रीय ढांचा

हम संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार विधेयक, अंतरराष्ट्रीय श्रमिक संगठन की, काम के मौलिक सिद्धांतों और अधिकारों पर घोषणा, पर्यावरण और विकास पर रियो घोषणा, और संयुक्त राष्ट्र सम्भाषण में उल्लिखित भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ संयुक्त राष्ट्र ने किये हुए १० सिधांतोंका का समर्थन करते हैं, जिसमें हम भाग लेते हैं।

हम इन सिद्धांतों के साथ-साथ बहुराष्ट्रीय उपक्रमों के लिए OECD दिशा-निर्देशों, व्यापार और मानवाधिकार पर, संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांतों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अपने प्रदायकोंसे भी यही उम्मीद करते हैं।

## 1.2 प्रबंधन (व्यवस्थापन) प्रणाली

हम अपने प्रदायको को निरंतर आगे बढ़ने, और मान्यता प्राप्त प्रदायक संहिता में वर्णित क्षेत्रों से संबधित, आदर्श व्यवस्थापन तंत्र लागु करने और बनाये रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। कार्यशील नियंत्रण प्रणाली के साथ हम जोखिम का मूल्यांकन, नीतियोंका अमल, रोज की प्रक्रिया, स्पष्ट रूप से बताई गई भूमिकाये और जिम्मेदारियाँ, प्रासंगिक प्रशिक्षण और निर्देश, बड़े और मजबूत लक्ष्य की स्थापना और आकलन, प्रदायक संहिता के सफल कार्य करनेवालोंकी नींव के रूप में काम करते हैं।

कर्मचारियोंको किसीभी डर के बिना, अपने अधिकारी के सामने, कंपनी के निति और नियमोंके पालन के बारेमें अपना क़ानूनी मत बताने का अधिकार होना चाहिए।

## 1.3 अमल और उसका पालन

अमल और उसका पालन प्रदायक संहिता के साथ, प्रदायक (पुरवठादार) के अनुपालन का ज्ञान देखते समय, सैंडविक प्रदायक के व्यापार का तरीका और सम्बंधित जोखिम के सम्बन्ध में, आवश्कताओंके दायरे और प्रयोजन को ध्यान में रखेगी।

अतिरिक्त प्रदायक - विशिष्ट स्थिरता, आवश्यकताओं और लक्ष्यों को व्यावसायिक मान्यता में घोषित किया जा सकता हैं।

प्रदायक द्वारा Sandvik को प्रदायक संहिता के नियमों के पालन का सत्य परखने का अधिकार देने, या उचित समय के भीतर पहचाने गए गैर वर्तन का समाधान करने में विफलता को, प्रदायक संहिता का महत्वपूर्ण उल्लंघन मन जायेगा। परिणामस्वरूप Sandvik, प्रदायक के साथ किये हुए करार के संबंध समाप्त करने की हकदार है।

**आपूर्तिकर्ता संहिता में प्रत्येक अनुभाग की संरचना इस प्रकार है:**

### आवश्यकताएं

प्रदायक संहिता में उल्लेखित आवश्यकताओं को, अपने खुद के, संगठन और उनकी श्रृंखला में पूरा करना, प्रदायक की जिम्मेदारी है।

### मार्गदर्शक

आवश्यकताओं को पूरा करने के उदाहरण।

### हम अनुपालन की सत्यता की कैसे जाँच करे।

आवश्यकताओं के पूर्ति के साक्ष्य के उदाहरण, हालांकि, अन्य भी विचार साक्ष्य सिद्ध करने के लिए किया जा सकता है।

## 1.4 निगरानी

Sandvik, और हमारे प्रदायक के बीच सभी व्यापारिक संबंध ईमानदारी, विश्वास, और सहयोग पर आधारित होने चाहिए। प्रदायक संहिता को स्वीकार करके, प्रदायक, अपने स्वयं के संचालन और प्रदायक शृंखला के भीतर, इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध होता है। यह Sandvik के साथ पारदर्शी तरीके से सहयोग करके प्राप्त किया जाना चाहिए और प्रदायकोंके अनुरोध पर, आवश्यकताओं की पूर्ति को सामने रखने में सक्षम होना चाइये. Sandvik संवाद, स्व-आकलन प्रश्नावली, या साइट-पर लेखा-परीक्षा के माध्यम से प्रदायको की आवश्यकताओं से प्रदायक के पूर्ति को सिद्ध कर सकती है। इसमें कर्मचारियों के साथ मुलाकात करने की अनुमति और प्रदायक संहिता से संबंधित अचूक और पूर्ण दस्तावेज और उसकी नोंद तक होना जरुरी है। कोई लेखा-परीक्षा या जांच, जो Sandvik प्रदायक के उप-प्रदायक पर करती है, वह प्रदायक के साथ सहमति से आयोजित की जाएगी। नियमोंका सही पालन किया है ये तो Sandvik के अपने कर्मचारियों द्वारा, या Sandvik द्वारा नियुक्त स्वतंत्र तीसरे पक्ष द्वारा किया जाता है।

यह सुनिश्चित करना की उसके प्रदायक, प्रदायक संहिता की आवश्यकताओं और आवश्यक्ताओंके के मूल्य एकसमान कायम रखनेकी मूल्योंका पालन करते है, और अपनी प्रदायक श्रृंखला के नियमोंका पालन करना, उसकी समझ बढ़ाना और निगरानी करना प्रदायक की जिम्मेदारी हैं।

आपको ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है, जो प्रदायक संहिता और कानून के नियमोंमें न लिखा हो। ऐसे मामले में, हम उम्मीद करते हैं कि आप इसे जल्द से जल्द Sandvik के ध्यान में लाएंगे, ताकि हम इसे कम कर सकें और नैतिक और शाश्वत कंपनी बने रहें। Sandvik को प्रदायक संहिता के उल्लंघन की सूचना, या तो Sandvik संपर्क व्यक्ति के माध्यम से, या हमारे स्पीक अप सिस्टम (अपनी बात निडरता से सामने रखने की प्रणाली) के माध्यम से दी जानी चाहिए, जो Sandvik.com पर उपलब्ध है।

Sandvik सभी प्राप्त व्यापारिक और व्यक्तिगत जानकारी के साथ जिम्मेदार तरीके से व्यवहार करती है और यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय करती है कि यह जानकारी गोपनीय बनी रहे।

# 2 क़ानूनी नियमोंका पालन

प्रासंगिक कानूनी आवश्यकताओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करना, और उनके नियमोंका पालन करना, प्रदायक संहिता के नियमोंके पालन के लिए आधार रेखा है।

## आवश्यकताएं

प्रदायक को राष्ट्रीय, और क्षेत्रीय कानूनों के साथ-साथ प्रासंगिक और आंतरराष्ट्रीय नियमों सम्बंधित, और प्रदायक संहिता के क्षेत्रों से संबंधित समझौतों के साथ समयनिष्ठ रहना चाहिए, और उनका पालन करना चाहिए।

प्रदायक को इस बात से जागृत होना चाहिए की, कोई घरेलु नियम या उसका संघर्ष, आंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त मानवाधिकार का स्तर और सार्वभौम रूप की भावना का सम्मान करने का प्रयास करे।

जहां प्रदायक संहिता की आवश्यकताएँ स्थानीय क़ानूनोसे अधिक सख्त है, वहाँ प्रदायक संहिता की आवश्यकताओंको लागु किया जाना चाहिए। संहिता और उसके कानूनों को लागु करते समय, वास्तविक और संभावित विरोधाभास की स्थिति में, प्रदायक को Sandvik को सूचित करना चाहिए।

## मार्गदर्शक

व्यापर के लिए, मौजूदा क़ानूनी आवश्यकताओं को लागु करने और परिवर्तन करने की नियमित जानकारी होने के लिए सावधान रहे।

सभी क़ानूनी रूप से आवश्यक अनुमति, परवाना और पंजीकरण (नोंदनी) प्राप्त करें और यह सुनिश्चित करें के वे असली है।


## हम अनुपालन की सत्यता कैसे सिद्ध करेंगे?

हम आपसे पूछेंगे, कि आप निम्नलिखित क्षेत्रों में कानूनी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कैसे काम करते हैं:

- स्वास्थ्य और सुरक्षा
- मानव अधिकार
- श्रमिक अधिकार
- कार्य (काम) की स्थितियाँ
- वातावरण (पर्यावरण)
- कर
- भ्रष्टाचार-विरोधी अभ्यास
- सीमा शुल्क और निर्यात नियंत्रण
- विवरण गोपनीयता
- धातु और खनिजों के जिम्मेदार साधन

# 3 स्वास्थ्य और सुरक्षा

लोगों को शून्य नुकसान, Sandvik में मौलिक संचालन सिद्धांत है।



## आवश्यकताएं

प्रदायक को काम करने के लिए सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद वातावरण देना चाहिए। घटनाओं और चोटों को रोकने के लिए सभी संभव कदम उठाने चाहिए।

प्रदायक के पास जोखिम-आधारित स्वास्थ्य और सुरक्षा के साधन पर्याप्त रूप में होने चाहिए, उदाहरण के लिए,उसके सम्बंधित निर्देश और प्रशिक्षण प्रदान करना चाहिए जो सभी कर्मचारि समझ सकते हैं।

कर्मचारियों को ऐसी काम की स्थिति को अस्वीकार करने का अधिकार होना चाहिए, यदि वे स्पष्ट रूप से मानते हैं कि, यह उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए संकट और गंभीर जोखिम बन सकती है।

काम के परिसर में, लोगोंकी सुरक्षा एवं स्वच्छता को बनाये रखने के लिए हर रोज उपहारगृह और आवास स्थान की अग्नि सुरक्षा और स्वच्छता की नियमित रूप से जाँच की जनि चाहिए।

यदि आवास प्रदान किया जाता है, तो प्रत्येक कर्मचारी के पास अपने स्वयं के बिस्तर और स्त्री पुरुष अनुसार, अलग अलग जगह सोने का अधिकार होना चाहिए, जिससे वे पहचाने जाते हैं।

## मार्गदर्शक

व्यापर का, स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ साथ जोखिम कम करना और उसका निवारण करनेकी कार्यक्षमता का मूल्यांकन नियमित करना।


## हम अनुपालन की सत्यता की कैसे जाँच करे।

जाँच करनेवाली चौकियाँ शामिल हो सकती है।

- इमरतोंका का उपयोग उनके उद्दिष्टोंका मतलब, संचालन के परवाना द्वारा परखते है
- विद्युत् तारे, प्रकाश व्यवस्था और गैस को सही जगह स्थापित किया है और उसकी देखभाल भी की है।
- काम करने वाले फायर अलार्म, पर्याप्त अग्निशमन उपकरण, स्पष्ट रूप से निशान लगाए हुए आपातकाल में बाहर निकलने का सुलभ मार्ग, ये सभी की सुविधा के आकार पर देखभाल होती है।
- आग और आपातकालीन कसरत नियमित की जाती है।
- आपातकालीन योजना और प्रतिक्रिया कार्यप्रणाली को लागु किया।
- स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए, खतरोंको कम करने के लिए पर्याप्त नियंत्रण उपाय अपने अपने योग्य स्थान पर है।
- व्यावसायिक घाव और बीमारी को प्रबंधित करने, नजर रखने और विवरण देने के लिए प्रक्रियाओं और प्रणालियों को लागू किया जाता है।
- कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण और सुरक्षात्मक कपड़े उपयोग किए जाते हैं, जो साफ, मुफ़्त, काम की स्थिति में और पहचाने गए जोखिमों के लिए उपयुक्त हैं।
- प्रासंगिक प्राथमिक चिकित्सा किट आसानी से उपलब्ध हैं, और कर्मचारियों को प्राथमिक चिकित्सा में प्रशिक्षित किया जाता है।
- कर्मचारी ड्रग्स या अल्कोहल के प्रभाव में काम नहीं करते।
- काम करने का परिसर, साफ और अच्छी तरह रोशन, पर्याप्त हवादार हैं और कम शोर और जरुरी तापमान स्तर पर रखा गया हैं।
- स्वच्छ पिने का पानी, भोजन करने के लिए स्वच्छ जगह, स्वच्छ शौचालय और, जहां लागु है वहाँपर फव्वारे वाले नल दिए गए है।

# 4 मानव और श्रम अधिकार

Sandvik के लिए मानव और श्रम अधिकारों का सम्मान करना बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें कर्मचारियों के साथ निष्पक्ष, गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार करना, और मानव और श्रम अधिकारों के दुरुपयोग का कारण बनने या उसमें योगदान करने से बचना शामिल है।



## 4.1 मानवाधिकार ज़रूरी जाँच-पड़ताल

### आवश्यकताएं

प्रदायक को किसे ऐसे मानवाधिकार के प्रभाव के बारे में जागरूक रहना चाहिए, जो वे पैदा करते है और जिनमे वे योगदान करते है, या जो सीधे उनके संचालन, उत्पादों, या सेवाओं से जुड़े होते हैं।

### मार्गदर्शक

मानव अधिकारों के साथ पूर्णक्रियाशील रूप से काम करें, उदाहरण के लिए, मानवाधिकारों पर व्यापारिक प्रभाव की पहचान करने, रोकने, कम करने, और हिसाब-किताब रखने और मानव अधिकारों पर ज़रूरी जाँच-पड़ताल करने यथोचित परिश्रम करें।

### हम अनुपालन की सत्यता की कैसे जाँच करे।

जाँच करनेवाली चौकियाँ शामिल हो सकती है।

- मानवाधिकारों पर आयोजित किये गए परिश्रम के परिणामों का पुनर्विचार करें।

## 4.2 बाल मजदुर

### आवश्यकताएं

Sandvik में बाल मजदूरोंको काम करना मना है। प्रदायक को अपने संचालन और प्रदायक शृंखला में बाल मजदुर को रोकने और युवा मजदूरोंको काम करने की कानूनी व्यवस्था निश्चित करने के लिए काम करना चाहिए।

यदि बाल मजदुर की पहचान की जाती है, तो बच्चे के सर्वोत्तम हित में उपाय किये जाने चाहिए।

कर्मचारियों की आयु 15 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए (या 14 यदि राष्ट्रीय कानून द्वारा अनुमति दी गई है), या अधिक, जहां स्थानीय कानून उच्च कम से कम आयु निर्धारित करता है।

युवा श्रमिकों (18 वर्ष से कम आयु) को ऐसा काम नहीं करना चाहिए जो मानसिक, शारीरिक, सामाजिक या नैतिक रूप से खतरनाक हो या जो उनकी अनिवार्य स्कूली शिक्षा में हस्तक्षेप करता हो। युवा श्रमिकों को रात्रि के समय में काम नहीं करना चाहिए।

### मार्गदर्शक

सभी कर्मचारियों की कानूनी कामकाजी उम्र के दस्तावेज बनाए रखें, उदाहरण के लिए, आयु जाँच पड़ताल दस्तावेज की प्रतियां।

### हम अनुपालन की सत्यता की कैसे जाँच करे।

जाँच करनेवाली चौकियाँ शामिल हो सकती है।

- सभी काम, उन कर्मचारियों द्वारा किए जाते हैं, जिन्होंने कानूनी तौर पे काम करने के लिए बालिग है।
- यह प्रमाणित करने के लिए प्रणाली है कि कम उम्र का कोई कर्मचारी कार्यरत नहीं हैं।
- युवा श्रमिकों को कानूनी कार्य स्थितियाँ प्रदान की जाती है।

# 4.3 आधुनिक गुलामगिरी

Sandvik को जबरन, कर्ज के कारन मजबूर, बंधा हुआ मजदुर, दास्यत्व, छल या कपट से भर्ती, वंश आधारित दास्यता और मानव तस्करी सहित आधुनिक गुलामगिरी अस्वीकार है। यह न केवल अनैच्छिक रूप से किए गए सभी कामों को संदर्भित करता है, बल्कि जबरदस्ती, मानसिक और/या शारीरिक धमकी या दुर्व्यवहार, शक्ति का दुरुपयोग और धोखे के उदाहरणों को भी संदर्भित करता है।

## आवश्यकताएं

प्रदायक को, जिसमें उनकी भर्ती करने वाले प्रतिनिधि शामिल हैं, इसमें शामिल नहीं होना चाहिए या उनको बर्दाश्त नहीं करना चाहिए।

- संचार की मर्यादा
- भर्ती के लिए अत्यधिक शुल्क या नकद जमा
- पहचान दस्तावेजों और/या पासपोर्ट की जब्ती
- मजदूरी रोकना
- काम करने की अपमानजनक स्थितियाँ
- ऋण बंधन
- हिंसा

या किसी प्रकार का जबरन, अनिवार्य या अवैध श्रम, जिसमें तस्करी, जेल श्रम, बाल दास्यता, या किसी कर्ज के कारन बंधा हुआ मजदुर या किसी अन्य प्रकार का शोषण या दुर्व्यवहार शामिल है।

## मार्गदर्शक

उद्योग में आधुनिक दास्यता के जोखिमों की जानकारी रहे और आधुनिक दास्यता में शामिल होने के लिए शून्य सहनशीलता दृष्टिकोण के साथ नीतियों और निवारक उपायों को लागू करना।

प्रदायकों, ठेकेदारों और उप-ठेकेदारों पर अत्यधिक दबाव डालने और आधुनिक दासता की ओर ले जाने वाली व्यापारिक प्रथाओं या निर्णयों से बचें।

## हम अनुपालन की सत्यता की कैसे जाँच करे।

जाँच करनेवाली चौकियाँ शामिल हो सकती है।

- ज्यादा समय काम सहमति से होता है, जब तक आवश्यक न हो और स्थानीय कानूनों के अनुसार अनिवार्य न हो।
- कर्मचारियों के पास अपने फुर्सत के समय के दौरान अपने निवास स्थान और काम करने की जगह (कार्यस्थल) को स्वतंत्र रूप से छोड़ने का अधिकार है।
- कर्मचारियोंको रोजगार के लिए, उनके व्यक्तिगत प्रमाणपत्र या सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र, पासपोर्ट या कोई भी परवाना दस्तावेजोंको जमा करने की ऐसी कोई भी शर्त आवश्यकता नहीं हैं।
- गैर-कानूनी नियमोंका पालन या वित्तीय दंडों का उपयोग न करना, जैसे मजदूरी से अनुचित या अवैध कटौती, मजदूरी रोकना या नियमोंके पालन के रूप में लाभ बंद करना।
- कोई जमा पूँजी, शुल्क, जुर्माना, ऋण, या अदायगी समझौता नहीं है, जो कर्मचारियों को उचित नोटिस प्रदान करने पर अपना रोजगार छोड़ने से रोकता है।
- दुबारा भुगतान के समझौते दूरदर्शी, उचित, और सीमित समय के हैं।
- काम के स्थान बदलने वाले प्रवासी कर्मचारी और स्थानीय कर्मचारियों के साथ निष्पक्ष और समान व्यवहार किया जाता है।

# 4.4 भेदभाव, उत्पीड़न और कठोर या अमानवीय व्यवहार

Sandvik को कार्यस्थल पर भेदभाव स्वीकार नहीं है। सर्व समावेशी और विविध समूह, कंपनी के बेहतर प्रदर्शन और परिणामोंमे योगदान करती है।

## आवश्यकताएं

प्रदायक को प्रत्येक कर्मचारी की व्यक्तिगत गरिमा, गोपनीयता और अधिकारों का सम्मान करना चाहिए, और मौखिक या गैर-मौखिक रूप से व्यक्त किए गए किसी शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न या दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करना चाहिए।

प्रदायक को ऐसे व्यवहार, भाषा, और शारीरिक संपर्क को प्रतिबंधित करना चाहिए, जो यौन, जबरदस्ती, धमकी भरा, अपमानजनक या शोषणकारी है।

प्रदायक को काम पर रखने में या रोजगार जीवनचक्र के दौरान, उम्र के मुताबिक चाहे वह सक्रिय हो या निष्क्रिय, राष्ट्रीयता या जातीयता, धर्म, राजनीतिक विश्वास, यौन नीती, लिंग पहचान या अभिव्यक्ति, शारीरिक क्षमता, कानून या ILO समझौतों द्वारा संरक्षित किसी अन्य विशेषता के आधार पर भेदभाव नहीं करना चाहिए।

प्रदायक को सार्वजनिक चेतावनियों और दंड प्रणालियों को प्रतिबंधित करना चाहिए।

## मार्गदर्शक

भेदभाव मुक्त कार्य संस्कृति को बढ़ावा दें।

विविध समूह और ऐसे कार्यस्थल को विकसित करने का प्रयास करें, जहां लोग शामिल, और योगदान और चुनौती देने में सुरक्षित महसूस करें।

## हम अनुपालन की सत्यता की कैसे जाँच करे।

जाँच करनेवाली चौकियाँ शामिल हो सकती है।

- भर्ती, मेहनताना, रोजगार, गैर-भेदभाव और समान अवसरों के लिए आचरण करना, सुसंवाद रखना लागु किया जाता है।
- प्रतिशोध या प्रतिकार के बिना भेदभावपूर्ण या परेशान करने वाले व्यवहारों की रिपोर्ट, जांच और मंजूरी देने के लिए तंत्र।

# 4.5 काम के घंटे और नुकसान भरपाई

काम के उचित घंटे और उचित मेहनताना, काम करने की अच्छी स्थिति प्रदान करने में मुख्य भूमिका का है। काम से पर्याप्त आराम और छुट्टी कार्यस्थल की क्षति या चोटोंको रोकती है और क्षमता में वृद्धि करती है।

## आवश्यकताएं

काम के घंटे, ज्यादा समय, रूकावट और छुट्टियों को, प्रासंगिक कानूनी आवश्यकताओं या सामूहिक सहमति की मान्यता का पालन करना चाहिए।

अत्यधिक काम का समय, ये नियम नहीं होना चाहिए।

कम से कम, कर्मचारियों को, प्रासंगिक कानूनी आवश्यकताओं के अनुसार, या सामूहिक सहमति की मान्यता के अनुसार मुआवजे और लाभ की पेशकश की जानी चाहिए।

कर्मचारियों को उनके अधिकारों और दायित्वों सहित उनकी रोजगार की स्थितियों के बारे में उनकी मूल भाषा या उनके द्वारा समझी जाने वाली भाषा में, उदाहरण के लिए, लिखित श्रमिक संविदा में सूचित किया जाना चाहिए।

प्रदायक को काम में पारिवारिक और मैत्रीपूर्ण परिस्थिति प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जो काम में निरोगी जीवन को संतुलन प्रदान करती हैं, जिसमें देखभाल की जिम्मेदारियों और मनोरंजन की संभावनाएं शामिल हैं, यदि लागू हो या मान्यता हों।

## मार्गदर्शक

कानूनी काम के घंटे और उसकी योग्य जाँच रखे।

सभी मजदूरी का सटीक दस्तावेज बनाए रखें।

सभी कर्मचारियों को वेतन पर्ची प्रदान करें, जिसमें उनके वेतन के सभी हिस्सों को स्पष्ट रूप से उल्लेख हो, जिसमें काम का ज्यादा समय, मुआवजा, काम के घंटे, लाभ, कानूनी कटौतियाँ, बोनस और अन्य प्रासंगिक चीज़ें शामिल हैं।

कर्मचारियों को उनके रोजगार की स्थितियों के बारे में सूचित करें और उनका दस्तावेज रखें, उदाहरण के लिए, हस्ताक्षरित श्रम संविदा (नियम) की प्रतियां।

## हम अनुपालन की सत्यता की कैसे जाँच करे।

जाँच करनेवाली चौकियाँ शामिल हो सकती है।

- वास्तविक काम के घंटों को दर्ज किया जाता है, सामान्य काम के घंटों और ज्यादा समय के घंटों में विभाजित किया जाता है, जब तक अन्यथा सहमति न हो।
- कर्मचारी प्रति सप्ताह कम से कम एक दिन की छुट्टी और पारियों के बीच पर्याप्त आराम के हकदार हैं।
- वेतन का भुगतान नियमित रूप से, सीधे कर्मचारी को, सहमति के समय पर, और लागू अवधि के दौरान काम किए गए पूरे समय के लिए किया जाता है।
- हस्ताक्षरित श्रम नियमो और वेतन पर्चियों की समीक्षा हो।
- कर्मचारी बिना किसी नकारात्मक परिणाम के, सवेतन वैधानिक छुट्टी और क़ानूनी निर्धारित छुट्टी, जिसमें सवेतन बीमारी की छुट्टी और माता-पिता के छुट्टी वेतन शामिल है।

# 4.6 संगठन बनाने व सामूहिक सौदेबाजी की स्वतंत्रता

Sandvik संघ की स्वतंत्रता और कानूनी और शांतिपूर्वक सहयोग, सामूहिक रूप से संगठित होने और सौदेबाजी के अधिकार का समर्थन करता है, हम प्रदायक को प्रोत्साहित करते हैं, कि वे काम की जगह पर अपने काम के प्रति वचनबद्धता को प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए अपने कर्मचारियों के साथ संवाद करें।

## आवश्यकताएं

प्रदायक को, उन देशों के कानूनों के अनुसार, स्वतंत्र रूप से सहयोगी, संगठित और सामूहिक रूप से सौदेबाजी करने के, कर्मचारियों के अधिकार को पहचानना और उनका सम्मान करना चाहिए, जहां वे कार्यरत हैं।

प्रदायक को कर्मचारियों और संचालन के बीच खुला संवाद और सीधे काम के महत्व को मान्यता देनी चाहिए।

प्रदायक को कर्मचारियों को उत्पीड़न, धमकी, दंड, हस्तक्षेप या प्रतिशोध के डर के बिना, स्वतंत्र कार्य प्रतिनिधियों को नियुक्त करने और काम की परिस्थितियों के बारे में संचालन के साथ खुले तौर पर संवाद करने की अनुमति देनी चाहिए।

इसके विपरीत, जो कर्मचारी श्रमिक संघों में भाग नहीं लेना चाहते हैं, उनकी पसंद के लिए उनका भी सम्मान किया जाना चाहिए।

## मार्गदर्शक

कामकाजी माहौल को बढ़ावा दें, जिसे कर्मचारियों और संचालन के बीच पारस्परिक रूप से रचनात्मक जुड़ाव पैदा हो, और जब भी संभव हो अनावश्यक टकराव से बचा जाए।

काम की स्थितियों पर कर्मचारियों के साथ संवाद में शामिल हों और बैठकों या सुसंवाद का लिखित दस्तावेज रखें।

## हम अनुपालन की सत्यता की कैसे जाँच करें।

जाँच करनेवाली चौकियाँ शामिल हो सकती है।

- कर्मचारियों के पास सामूहिक रूप से संगठित होने और सौदेबाजी करने का अधिकार है।
- कर्मचारियों को स्वतंत्र कार्य प्रतिनिधियों को नियुक्त करने और संचालन के साथ संवाद करने का अधिकार है।
- संचालन द्वारा श्रमिकों के प्रतिनिधियों को मान्यता दी जाती है।
- लागू मामलों में सामूहिक समझौता की समीक्षा।
- श्रमिकों और संचालन के बीच संवाद तंत्र के काम करने के सबूत।

# 4.7 भूमि और संसाधन अधिग्रहण और संपत्ति का उपयोग

भूमि और कार्यकाल का अधिकार, गरीबी ख़त्म करना, आय, लैंगिक असमानता, और खाद्य सुरक्षा, शांति और सुरक्षा में योगदान के लिए केंद्र स्थान पर है।

## आवश्यकताएं

प्रदायक उस संपत्ति का कानूनी और सही स्वामी या उपयोगकर्ता होना चाहिए, जिस पर वे काम करते हैं।

प्रदारक को भूमि या संसाधन अधिग्रहण, अनैच्छिक पुनर्वास, या भूमि उपयोग पर प्रतिबंध से, किसी नकारात्मक सामाजिक, स्वास्थ्य, पर्यावरणीय या आर्थिक प्रभाव से बचना चाहिए।

ज़ब्त या लगाए गए स्थानांतरण की स्थिति में,प्रदारक को सुनिश्चित करना चाहिए कि संबंधित व्यक्तियों की आजीविका और जीवन स्तर को बनाए रखने के लक्ष्य के साथ, पर्याप्त मुआवजे सहित न की मर्यादित, पारदर्शी तरीके से उपाय योजना पर बातचीत की जा सकती है।

## मार्गदर्शक

जिस संपत्ति पर आप संचालन करते हैं, उसके लिए भूमि के स्वामित्व या किराये पट्टे का प्रमाण बनाए रखें।

आपके द्वारा संचालित संपत्ति के किराया पट्टा, या स्वामित्व में बदलाव के कारण पिछले उपयोगकर्ताओं या अन्य हितधारकों पर संभावित प्रभावों, और साथ ही कंपनी के चल रहे संचालन के परिणामस्वरूप होने वाले प्रभावों का मूल्यांकन करें। सबसे कमजोर वर्गों (ग्रामीण समुदायों, स्वदेशी लोगों, महिलाओं और बच्चों) पर विशेष ध्यान दें।

ऐसे मामले में जहां लोगों को व्यापार के लिए जगह देने के लिए स्थानांतरित होना या जमीन छोड़नी पड़े, स्थानांतरित लोगों के सर्वोत्तम हित में सबसे उपयुक्त उपचार खोजने के लिए खुले और पारदर्शी संवाद में शामिल हों।

## हम अनुपालन की सत्यता की कैसे जाँच करें।

जाँच करनेवाली चौकियाँ शामिल हो सकती है।

- भूमि के स्वामित्व या किराये पट्टे की समीक्षा।
- लागू मामलों में प्रभाव का मूल्यांकन और/या आकस्मिक योजनाओं की समीक्षा।
- लागू मामलों में प्रभावित हितधारकों के परामर्श से अपनाई गई उपचारात्मक योजनाओं की समीक्षा।

# 5 खनिज और धातु की जिम्मेदार साधन



Sandvik सभी खनिजों की नैतिक साधनोंका का समर्थन करती है। वे प्रदायक शृंखलाएं Sandvik को अस्वीकार्य हैं, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संघर्षों या गंभीर मानवाधिकारों के उल्लंघन में योगदान करती हैं। चूंकि संघर्ष वाले क्षेत्रों से, मनमाने ढंग से अलग होने से, स्थानीय आबादी पर नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं, इसलिए Sandvik इन क्षेत्रों से खनिजों की नैतिक साधनोंको को प्रोत्साहित करती है।

## आवश्यकताएं

टिन, टैंटलम, टंग्स्टन, सोना (3TG) या कोबाल्ट युक्त कच्चे माल और घटकों के प्रदायक, जो Sandvik के उत्पादों की प्रत्यक्ष प्रदायक शृंखला का हिस्सा हैं, उन्हें:

- जिम्मेदार साधन और विवादित खनिजों से संबंधित सभी लागू कानूनों का पालन करना चाहिए।
- प्रासंगिक विवरण सहित प्रदायक शृंखला में, उनकी स्थिति के आधार पर संघर्ष-प्रभावित और उच्च-जोखिम वाले क्षेत्रों से खनिजों की जिम्मेदार प्रदायक शृंखलाओं के लिए OECD ज़रूरी जाँच-पड़ताल मार्गदर्शन का पालन करना चाहिए।
- सुनिश्चित करना होगा कि उनकी 3TG और कोबाल्ट प्रदायक शृंखला में सभी प्रदायक, धातु गलाने वाले या निर्मल करने वाले स्तर तक पता करने योग्य हैं।

हमारी प्रदायक श्रृंखला में 3टीजी धातु गलाने वाले औरनिर्मल करने वालोंका मूल्यांकन, स्वीकृत तृतीय-पक्ष लेखापरीक्षा (ऑडिट) कार्यक्रमों के अनुरूप होना चाहिए, जैसे कि जिम्मेदार खनिज पहल की जिम्मेदार खनिज आश्वासन प्रक्रिया (आरएमएपी)।

कोबाल्ट गलने वाले और निर्मल करने वाले का मूल्यांकन करनेका लक्ष्य अवश्य होना चाहिए, अनुपालन के रूप में या, कम से कम, तीसरे पक्ष के लेखा परीक्षा (ऑडिट) कार्यक्रमों में भाग लेना और सक्रिय रूप से संलग्न होना चाहिए।

वाणिज्यिक गोपनीयता का सम्मान करते हुए, प्रदायक को अनुरोध पर, जिम्मेदार खनिजपदार्थ उपक्रम के संघर्ष, खनिज पदार्थ विवरण नमूना (CMRT) और/या कोबाल्ट विवरण नमूना (CRT) को पूरा करके और जमा करके अपनी 3TG और कोबाल्ट प्रदायक शृंखला पर विवरण करना चाहिए।

## मार्गदर्शक

कच्चे माल के उत्पादन और सशस्त्र संघर्षों या मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन के बीच, सशक्त संपर्क के प्रति सचेत रहें।


प्रदायक शृंखला में आपकी स्थिति के आधार पर, केवल जिम्मेदार स्रोतों से कच्चे माल का स्रोत, या समझने के लिए उचित उपाय करें, और जब आवश्यक हो, जिम्मेदार स्रोत के लिए अपनी प्रदायक शृंखला को प्रभावित करें।

## हम अनुपालन की सत्यता की कैसे जाँच करे।

- OECD ज़रूरी जाँच-पड़ताल मार्गदर्शन के अनुसार ज़रूरी जाँच-पड़ताल करें, जिसमें हम आपसे सहयोग की अपेक्षा करते हैं।
- उचित देश की उचित पूछताछ के परिणामों की समीक्षा करें।
- खनिजों और धातुओं की जिम्मेदार साधनोपर अपनी विवरण की समीक्षा करें।
- हमारी प्रदायक शृंखला में धातु को पिघलाने वाले और निर्मल करने वाले यूरोपीय संघ आयोग की जिम्मेदार, धातु को पिघलने वालो की सूची, जिम्मेदार खनिज आश्वासन प्रक्रिया (RMAP) -अनुरूप धातु पिघलाने वालोंकी सूची या, जहां लागू हो, अन्य समकक्ष उद्योग, योजनाओं द्वारा स्वीकृत के अनुरूप सूचीबद्ध हैं।

# 6 पर्यावरण

Sandvik के लिए पर्यावरण की रक्षा करना, जलवायु परिवर्तन को कम करना, और परिचक्रण बनाना बहुत महत्वपूर्ण है। व्यापार से पर्यावरणीय प्रभाव को कम से कम किया जाना चाहिए, और पर्यावरण के संबंध में प्रदर्शन में लगातार सुधार किया जाना चाहिए। इसमें जैव विविधता और पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा, संसाधनों के सतत उपयोग के साथ-साथ जिम्मेदार भूमि स्वामित्व, अधिग्रहण और उपयोग शामिल हैं।



## आवश्यकताएं

प्रदायक को अपनी गतिविधियों, उत्पादों और सेवाओं से किसी नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने, या कम करने के लिए जोखिम-आधारित दृष्टिकोण स्थापित, लागू और बनाए रखना होगा।

जैसे ही यह मानने का कारण हो कि, कोई कार्रवाई पर्यावरण या सार्वजनिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है, प्रदारक को सावधानिक उपाय करने चाहिए और अपने उत्पादों, प्रक्रियाओं, रचनाओं और सामग्री के चयन में पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों को विकसित करने और उनका समर्थन करने का श्रम करना चाहिए।

प्रदायक को उन सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक लागतों का भुगतान करना होगा, जो उनके व्यापार के कारण पर्यावरण को नुकसान पहुंचने से होती हैं।

प्रदारक को विशेष रूप से निम्नलिखित क्षेत्रों में अपने व्यवसाय के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए अपने कार्य को नियंत्रित करना, मापना, दस्तावेज बनाना और योजना बनाना चाहिए:

- मौसम
- परिचक्रण
- रसायन और खतरनाक पदार्थ
- बर्बाद या बेकार
- हवा, पानी और मिट्टी के अन्य उत्सर्जन
- ऊर्जा की खपत या उपभोग
- पानी की खपत या उपभोग

Sandvik प्रदायक को पेरिस (paris) समझौते के अनुरूप GHG उत्सर्जन में कमी के लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित करती है, जो विज्ञान आधारित लक्ष्यों द्वारा समर्थित है। Sandvik के कुल GHG उत्सर्जन पर, संभावित सामग्री प्रभाव वाले प्रदारक ने Sandvik को, उचित जानकारी प्रदान करनी होगी।

## मार्गदर्शक

व्यापारिक मूल्य श्रृंखला के नियमित पर्यावरणीय जोखिम मूल्यांकन के साथ-साथ निवारक और शमन कार्यों की दक्षता का मूल्यमापन करें।

एक रेखीय से एक गोलाकार प्रणाली में परिवर्तन, में भाग लें और सिमित संसाधनों के संरक्षण की दिशा में काम करें।

पूर्ण सामग्री, सामग्री की घोषणा करके और अंत में उत्पादों को संभालना और उपचार के बारे में जानकारी घोषित करके उत्पादों के जीवन के अंत तक सुरक्षित व्यव्हार और उपचार करें।

उस सामग्री और संसाधनों को चुनें, जिनका पुन: उपयोग और पून: नूतनीकरण किया जा सकता है।

कचरे (वेस्ट) का उपयोग जमीं में मिट्टी भरने में कम से कम करें, विशेष रूप से हानिकारक कचरा (वेस्ट)।

कच्चे माल से लेकर जीवन के अंत तक जीवन चक्र के साथ, उत्पाद विकास में पर्यावरणीय पहलुओं को शामिल करें।

खतरनाक रसायनों को सुरक्षित विकल्पों से बदलने के लिए सक्रिय रूप से काम करें।

ऊर्जा और संसाधन दक्षता के अनुकूलन की दिशा में सक्रिय रूप से काम करें।

कम उत्सर्जन वाले ऊर्जा स्रोतों की हिस्सेदारी बढ़ाएं।

वैश्विक पहल का समर्थन करके पर्यावरणीय जिम्मेदारी का प्रदर्शन और समर्थन करें। वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों, विशेष रूप से जलवायु और संसाधन दक्षता/परिचक्रण से संबंधित अपने लक्ष और प्रदर्शन के बारेमें लोगोंके के साथ बातचीत करें।

## हम अनुपालन की सत्यता की कैसे जाँच करे।

जाँच करनेवाली चौकियाँ शामिल हो सकती है।

- प्रगति माप के साक्ष्य और पर्यावरण पर, व्यापार के नकारात्मक प्रभाव को कम करने के प्रयास।
- प्रदायक के उत्पादों में खतरनाक रसायनों और अत्यधिक चिंता वाले पदार्थों की उपस्थिति के बारे में जानकारी की समीक्षा करें।

# 7 व्यापार निति

Sandvik उच्च नैतिक सत्यनिष्ठा के साथ व्यापार करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें प्रतिस्पर्धा कानून का सम्मान करना, व्यक्तियों के निजी अधिकार की रक्षा करना और सभी सीमा शुल्क और निर्यात नियंत्रण नियमों का पालन करना शामिल है। हम अपने प्रदायक से भी यही उम्मीद करते हैं।



## 7.1 भ्रष्टाचार-निरोधी

### आवश्यकताएं

प्रदायक को स्थानीय कानूनों और अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार-निरोधी समझौतों का पालन करना चाहिए और किसी प्रकार के भ्रष्ट आचरण में शामिल नहीं होना चाहिए या Sandvik को शामिल नहीं करना चाहिए।

आपूर्तिकर्ताओं को सैंडविक के कर्मचारियों या उपठेकेदारों या सार्वजनिक अधिकारियों जैसे किसी तीसरे पक्ष को अनुचित रूप से प्रभावित करने के लिए कुछ भी मूल्य की पेशकश नहीं करनी चाहिए।

Sandvik के साथ संलग्न रहने के दौरान प्रदायक को अपने हितों के सभी संभावित संघर्ष से बचना चाहिए और Sandvik को हितों के ऐसे किसी संभावित संघर्षों के बारे में सूचित करना चाहिए, जिसे टाला नहीं जा सकता।

प्रदायक को पारदर्शिता, गुणवत्ता और गति के प्रति वचनबद्धता के साथ, Sandvik की प्रदायक की ज़रूरी जाँच-पड़ताल प्रक्रिया में साथ होना चाहिए।

### मार्गदर्शक

भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रक्रियाएं स्थापित करें, उदाहरण के लिए, भ्रष्टाचार-निरोधी नीति लागू करके और अपने कर्मचारियों को प्रासंगिक प्रशिक्षण प्रदान करके।

### हम अनुपालन की सत्यता की कैसे जाँच करे।

जाँच करनेवाली चौकियाँ शामिल हो सकती है।

- नीतियों, और संबंधित संवाद दस्तावेज, प्रशिक्षण दस्तावेज, उपहार, और मनोरंजन दस्तावेज, और हितों के संघर्ष की घोषणाओं की समीक्षा करें।

## 7.2 प्रतिस्पर्धा कानून

### आवश्यकताएं

प्रदायक को हमेशा उचित प्रतिस्पर्धा सिद्धांतों के अनुसार ठेकेदारी प्रपत्र पर ध्यान दिए बिना, समझौतों पर बातचीत करनी चाहिए और जाँच-पड़ताल के उच्चतम स्तर का पालन करना चाहिए।

प्रदायक को ऐसे किसी औपचारिक या अनौपचारिक अनुबंध या सहमति को समाप्त नहीं करना चाहिए, जिसका उद्देश्य प्रतिस्पर्धा को रोकना या प्रतिबंधित करना है, या ऐसे अनुबंध या सहमति जिसके परिणामस्वरूप, जो प्रतिस्पर्धा या निष्पक्ष व्यापार से संबंधित लागू कानूनों का उल्लंघन करते हैं।

### मार्गदर्शक

प्रतिस्पर्धा कानून नीति से संबंधित कर्मचारियों को सूचित किया गया।

प्रतिस्पर्धा कानून में प्रशिक्षित कर्मचारियों का दस्तावेज बनाए रखें।

### हम अनुपालन की सत्यता की कैसे जाँच करे।

जाँच करनेवाली चौकियाँ शामिल हो सकती है।

- दस्तावेज़ीकरण कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा नीति और सिद्धांतों को लागू किया गया है, और संबंधित कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

## 7.3 व्यि क्तिगत दस्त सामग्री संरक्षण

### आवश्यकताएं

प्रदायक को व्यक्तिगत विवरणसुरक्षा के लिए सभी लागू सिद्धांतों का पालन करना चाहिए और वैध व्यावसायिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, वैध और आवश्यक होने पर ही व्यक्तिगत विवरण का उपयोग करना चाहिए।

### मार्गदर्शक

विवरण (डेटा) गोपनीयता सिद्धांत:

- व्यक्तियों को जितना जल्दी हो सके सूचित करें कि आप उनके विवरणका उपयोग कब और क्यों करते हैं।
- अपने वैध और उचित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए केवल आवश्यक प्रकार के व्यक्तिगत विवरणका उपयोग करें।
- व्यक्तिगत विवरणको केवल तब तक संग्रहीत करें जब तक ऐसे उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक हो, और जब तक कानूनी रूप से आवश्यक हो।
- उचित तकनीकी और संगठनात्मक सुरक्षा उपाय करके अपनी देखभाल में व्यक्तिगत विवरणकी रक्षा करें और कानूनी रूप से आवश्यक होने पर किसी भी व्यक्तिगत विवरण उल्लंघनों के संबंधित अधिकारियों को सूचित करें।

### हम अनुपालन की सत्यता की कैसे जाँच करे।

जाँच करनेवाली चौकियाँ शामिल हो सकती है।

- प्रासंगिक दस्तावेज़ीकरण की समीक्षा यह दर्शाती है कि आपके संगठन ने इन विवरण गोपनीयता सिद्धांतों को अपनाया है।

## 7.4 व्यापार पालन

### आवश्यकताएं

प्रदायक को अपने उत्पादों से संबंधित सटीक व्यापार विवरण और दस्तावेजों को बनाए रखना और साझा करना चाहिए।

प्रदायक को स्थानीय कानूनों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों विनियमों का पालन करना चाहिए और किसी भी प्रकार के प्रतिबंध उल्लंघनों में शामिल नहीं होना चाहिए या Sandvik को शामिल नहीं करना चाहिए।

### मार्गदर्शक

- व्यापार नियम पालन (अनुपालन) प्रक्रियाओं को लागू करें और अपने कर्मचारियों को प्रासंगिक प्रशिक्षण प्रदान करें।
- अपने उत्पादों के बारे में प्रासंगिक और मान्य जानकारी और दस्तावेज़ीकरण बनाए रखें और जमा करें, जैसे: HS मूल्य संहिता, निर्यात नियंत्रण वर्गीकरण स्थिति, मूल देश और मुक्त व्यापार उद्देश्यों, और आपके उत्पादों में यूएस सामग्री के लिए प्रधान और गैर -प्रधान मूल दोनों के लिए सहायक दस्तावेज होने चाहिए। आवश्यक दस्तावेज और सबूत रखें।

### हम अनुपालन की सत्यता की कैसे जाँच करे।

जाँच करनेवाली चौकियाँ शामिल हो सकती है।

- प्रदायक की व्यापार अनुपालन प्रक्रिया की समीक्षा करें।
- वैध व्यापार करने के लिए सूचना और दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता होती है।
- व्यापार दस्तावेज और प्रदान की गई अन्य जानकारी की वैधता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक साक्ष्य की आवश्यकता होती है।

# प्रदायक स्वीकार करता है।

मैं/हम प्रदायक के हस्ताक्षरित अधिकृत प्रतिनिधि प्रमाणित करते हैं कि प्रदायक,
संहिता को स्वीकार करता है और उसका अनुपालन करता है।

कंपनी का पूरा नाम: ----------------------------------------------------------------------------------------

सामुदायिक पहचान क्रमांक: ---------------------------------------------------------------------------------

स्थान: ---------------------------------------------------------------------------------------------------

तिथि: ------------------------------------

नाम: ----------------------------------------------------------------------------------------------------

पद: -----------------------------------------------------------------------------------------------------

हस्ताक्षर: -----------------------------------------------------------------------------------------------

नाम: ----------------------------------------------------------------------------------------------------

पद: -----------------------------------------------------------------------------------------------------

हस्ताक्षर: -----------------------------------------------------------------------------------------------

कंपनी की मुहर: